आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

संघ लोक सेवा आयोग ने आज सिविल सर्विसेज परीक्षा–दो हजार तेइस का अन्तिम परिणाम घोषित कर दिया है। कुल एक हजार सोलह अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने इस परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि महराजगंज की ऐश्वर्यम प्रजापति को दसवीं और अम्बेडकरनगर के आकाश वर्मा को बीसवीं रैंक हासिल हुयी है। इस बार एक सौ अस्सी अभ्यर्थियों का चयन भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा दो सौ उम्मीदवारों का चयन भारतीय पुलिस सेवा के लिये हुआ है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में आज दो और संसदीय क्षेत्रों से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी और फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वजीत सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही भाजपा ने प्रदेश में विधानसभा की रिक्त सीटों के लिए आज चार विधानसभा क्षेत्रों से भी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने ददरौल से अरविन्द सिंह, लखनऊ पूर्व से ओपी श्रीवास्तव, गैंसड़ी से शैलेन्द्र सिंह शैलू और दुद्धी सुरक्षित सीटि से श्रवण गौड़ को प्रत्याशी बनाया है। उधर कांग्रेस ने लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर मुकेश चौहान को उप चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। बहुजन समाज पार्टी ने भी लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पांचवी सूची जारी की है। पार्टी ने मैनपुरी से शिव प्रसाद यादव, बदायूं से मुस्लिम खान, बरेली से छोटेलाल गंगवार, सुल्तानपुर से उदय राज वर्मा, फर्रुखाबाद से क्रांति पांडे, बांदा से मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज से ख्वाजा शमसुद्दीन, जौनपुर से श्रीकला सिंह, गाजीपुर से उमेश कुमार सिंह, वाराणसी से अतहर जमाल लारी, को उम्मीदवार बनाया है।

****

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री एव भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने आज नगीना लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार ओम कुमार के लिए बिजनौर के नहटौर में जनसभा की। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि सही दिशा में गया एक वोट देश की तकदीर और तस्वीर बदल देता है। जबकि गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा करता है। योगी आदित्यनाथ ने आज सहारनपुर में पार्टी प्रत्याशी के लिए रोड़ शो भी किया। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भी आज बिजनौर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब बसपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई थी तो विरोधी दल घबरा गये और उन्होंने छोटे–छोटे संगठन बनाकर बहुजन समाज को अलग करने का काम किया। मायावती ने बिजनौर से बसपा प्रत्याशी विजेंद्र सिंह और नगीना से सुरेंद्र पाल को जिताने की अपील की। उधर आज मैनपुरी में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिम्पल यादव का नामांकन दाखिल कराने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा उन्होंने कहा कि अपनी हार छिपाने के लिए भाजपा चार सौ पार का नारा दे रही है। अखिलेश यादव ने मंहगाई के मुद्दे पर भाजपा सरकार को विफल बताया।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वाराणसी में आज राज्कीय स्कूल हरहुआ में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर शत–प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। जौनपुर में राशन की दुकानों पर आने वाले लोगों को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है।

****

चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर आज श्रद्धालु मां आदिशक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी की विधिवत आराधना कर रहे हैं। इस अवसर पर आज भोर से ही प्रदेश के सभी प्रमुख देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। अष्टमी तिथि पर मिर्जापुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दर्शन–पूजन कर रहे हैं। भारी भीड़ को देखते हुए यहां सुरक्षा के कड़े इन्तजाम किये गये हैं। वाराणसी के अन्नपूर्णा माता मंदिर में आज सुबह से ही श्रद्धालु महागौरी स्वरूपा माता अन्नपूर्णा का दर्शन पूजन कर रहे हैं। उधर बलरामपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ, गोरखपुर के चौरी चौरा में स्थित तरकुलहा माता मंदिर, कुसमी जंगल स्थित बुढिया माई मंदिर, महराजगंज जिले के लेहड़ा देवी मंदिर पर भी श्रद्धा और आस्था का उल्लास छाया हुआ है।

****

अयोध्या में कल मनायी जाने वाली रामनवमी को भव्य बनाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जोरदार तैयारियां की हैं। इस अवसर पर कल दोपहर बारह बजकर सोलह मिनट पर भगवान रामलला का सूर्य की किरणों से तिलक करने की भी व्यवस्था की गयी है। राम जन्मोत्सव के समय रामलला को छप्पन व्यंजनों का विशेष भोग लगाया जाएगा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामनवमी पर मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में अस्सी से अधिक स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कराया जायेगा।

****

कुशीनगर जिले के जोगिया जनुबी पट्टी गांव में आयोजित दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय लोकरंग महोत्सव कल रात संपन्न हो गया। इस अवसर पर सूरीनाम और नीदरलैण्ड से आये गायकों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

****